कोटद्वार, गुरूवार
28 मार्च 2024
वर्ष: 45
अंक: 322 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# पीएम मोदी से लेकर सीएम योगी तक बीजेपी की स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी



● देवभूमि में लगेगा दिग्गजों का जमावड़ा

देहरादून। उत्तराखंड में प्रथम चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव में स्टार वार के लिए भाजपा तैयार है। इस कड़ी में पार्टी ने चुनाव प्रचार के दृष्टिगत राज्य में विभिन्न वर्गों को साधने के हिसाब से 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत सात केंद्रीय मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हैं। बीजेपी के स्टार प्रचारकों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, धामी मंत्रिमंडल के सदस्य, पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद, राज्यसभा सदस्य और भाजपा नेता शामिल हैं।

**उत्तराखंड में चुनावी माहौल गर्माएंगे दिग्गज चेहरे**

आने वाले दिनों में ये सभी राजनीति के अहम चेहरे उत्तराखंड में चुनावी माहौल को गर्माएंगे। भाजपा के प्रांतीय नेतृत्व ने हाल में राज्य में अपेक्षित स्टार प्रचारक नेताओं की सूची केंद्रीय नेतृत्व को भेजी थी। निर्वाचन आयोग से हरी झंडी मिलने के बाद बुधवार को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी। इसके माध्यम से पार्टी ने राज्य में सामाजिक, भौगोलिक समीकरणों को भी साधने का प्रयास किया है।

**एक अप्रैल के बाद होंगी पीएम मोदी की जनसभाएं**

आने वाले दिनों में इसी हिसाब से पार्टी स्टार प्रचारकों की सभाओं समेत अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा को धरातल पर मूर्त रूप देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक अप्रैल के बाद राज्य में दो–तीन सभाएं संभावित हैं। यद्यपि, पार्टी संगठन की नजर कांग्रेस की सभाओं पर भी रहेगी। यदि संगठन महसूस करेगा तो प्रधानमंत्री की सभाओं की संख्या बढ़ाई भी जा सकती है।

**गृह मंत्री से लेकर रक्षा मंत्री तक जनता को साधेंगे ये चेहरे**

गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की भी राज्य में कम से कम चार–चार सभाएं हो सकती हैं। केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह की भी सभाएं रखी गई हैं। रक्षा मंत्री और जनरल वीके सिंह की सभाओं के पीछे पार्टी की मंशा सैनिक बहुल उत्तराखंड के यहां के सैनिक परिवारों को साधने की है।

**सीएम योगी के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पार्टी के स्टार प्रचारक हैं, उनके माध्यम से युवाओं, संतों को साधने का प्रयास रहेगा। इसी तरह नैनीताल–ऊधम सिंह नगर सीट के अंतर्गत बंगाली समुदाय को अपने पक्ष में करने के दृष्टिगत बंगाल के सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर को मोर्चे पर लगाया जाएगा।

**सिख मतदाताओं में पैठ जमाने के लिए इन्हें मिली जिम्मेदारी**

साथ ही सिख मतदाताओं तक पैठ बनाने को भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं दिल्ली के पूर्व विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा को पार्टी मोर्चे पर लगाएगी। मातृशक्ति को साधने के लिए स्मृति ईरानी व सांसद हेमा मालिनी की विभिन्न स्थानों पर सभाएं प्रस्तावित हैं। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्रियों, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मुख्यमंत्री धामी व उनकी कैबिनेट के सदस्यों की सभाएं भी पार्टी निर्धारित करेगी।

**भाजपा के 40 स्टार प्रचारक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर, जनरल वीके सिंह, शांतनु ठाकुर व अजय भट्ट, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम, उत्तराखंड के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, उत्तराखंड के महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, खिलेंद्र चौधरी व राजेंद्र बिष्ट, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हैं।

इसके अलावा उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीरथ सिंह रावत व विजय बहुगुणा, राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल, अनिल बलूनी व डा कल्पना सैनी, सांसद हेमा मालिनी व मनोज तिवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन, धामी मंत्रिमंडल के सदस्य सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, रेखा आर्या व सौरभ बहुगुणा, भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव दीप्ति रावत व उत्तराखंड की अध्यक्ष आशा नौटियाल शामिल हैं।

**शाह दो अप्रैल को भगवानपुर और नड्डा चार को भिकियासैंण में**

भाजपा अब अपने स्टार प्रचारकों की सभाओं का कार्यक्रम तय करने में जुट गई है। इसी कड़ी में पहली सभा दो अप्रैल को हरिद्वार के भगवानपुर में होगी, जिसे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार भगवानपुर में 11 बजे सभा को संबोधित करने के बाद केंद्रीय मंत्री शाह उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के दौरे पर रवाना होंगे।

इसके अलावा चार अप्रैल को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अल्मोड़ा संसदीय सीट के अंतर्गत भिकियासैंण में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। सूत्रों के अनुसार इन दोनों नेताओं के कार्यक्रम फाइनल हो गए हैं। इसके अलावा छह अथवा सात अप्रैल को रक्षा मंत्री की राज्य में सभाएं प्रस्तावित हैं।

**जल्द ही फाइनल होगा कार्यक्रम**

केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य में स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। अब स्टार प्रचारकों की सभाओं व रोड शो के कार्यक्रम निर्धारित किए जा रहे हैं। जल्द ही इन्हें फाइनल किया जाएगा। –आदित्य कोठारी, प्रदेश महामंत्री भाजपा

### स्टार प्रचारक के रूप में बढ़ी सीएम धामी की डिमांड

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान और जम्मू–कश्मीर में भी चुनाव प्रचार में जुटेंगे। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने लोकसभा चुनाव के लिए इन राज्यों के लिए तय किए गए स्टार प्रचारकों की सूची में मुख्यमंत्री धामी को प्रमुखता से शामिल किया है। साफ है कि लोकसभा चुनाव में पार्टी उनका भरपूर उपयोग करने जा रही है।

भाजपा ने मुख्यमंत्री धामी को स्टार प्रचारक बनाया है तो इसके पीछे उनकी सरकार के महत्वपूर्ण निर्णय समाहित हैं। सीएम धामी की बढ़ती लोकप्रियता का ही नतीजा है कि उन्हें हर राज्यों में प्रचार के लिए आगे रखा गया है।

# हैलीपैड़ केदारनाथ तक हटाई गई बर्फ



● बर्फ हटाने के लिए लगभग 95 श्रमिक तैनात किए

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : वर्ष-2024 की श्री केदारनाथ धाम की यात्रा को सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारियों को जो भी तैयारियां एवं व्यवस्थाएं की जानी हैं उन सभी व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में डीडीएमए द्वारा केदारनाथ यात्रा मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य तत्परता से किया जा रहा है तथा केदारनाथ धाम हैलीपैड़ तक मार्ग से 3 फीट बर्फ हटाने का कार्य कर लिया गया है।

अधिशासी अभियंता डीडीएमए विनय झिंक्वाण ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में केदारनाथ यात्रा मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य 04 मार्च से ही शुरू कर दिया गया था। जिसमें बर्फ हटाने के लिए लगभग 95 श्रमिक तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि रामबाड़ा से छोटी लिनचोली, बड़ी लिनचोली, भैंरो ग्लेशियर, कुबेर ग्लेशियर आदि स्थानों से 50 से 80 फीट तक की लंबाई एवं 10 से 12 फीट की ऊंचाई तक श्रमिकों द्वारा कठिन परिस्थितियों में बर्फ हटाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि बर्फ को हटाने का कार्य हैलीपैड़ के समीप तक किया गया है तथा दो-तीन के भीतर श्री केदारनाथ धाम तक बर्फ हटाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा एवं केदारनाथ धाम में घोड़े-खच्चरों सहित आवागमन सुचारू हो जाएगा।

# अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट से फिलहाल राहत नहीं, ईडी को नोटिस जारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट से अरविंद केजरीवाल को फिलहाल कोई रहत नहीं मिली है. हाईकोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अपनी हिरासत और गिरफ्तारी को चुनौती देनेवाली याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया है. जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने ईडी को 2 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. मामले की अगली सुनवाई 3 अप्रैल को होगी.सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा था कि उनके गिरफ्तारी की वजह राजनीतिक है. उनको और उनकी पार्टी को लोकसभा चुनाव में निष्क्रिय करने के लिए उनको गिरफ्तार किया गया है. ये गिरफ्तारी लोकतंत्र और संविधान के बुनियादी ढांचे पर हमला है. जांच 2022 में शुरू हुई थी, केजरीवाल को अक्टूबर 2023 में समन भेजा गया था. बिना बयान दर्ज किए पिछले हफ्ते गिरफ्तार कर लिया गया. अभी ऐसी गिरफ्तारी की क्या जरूरत थी. ऐसा क्या है जो बिना गिरफ्तार किए ईडी नहीं कर पा रही थी.उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पूछताछ कर सकते हैं, लेकिन नहीं किया. अब गिरफ्तार करने के बाद कहते हैं कि सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं. जबकि, इस मामले में गिरफ्तारी की जरूरत ही नहीं थी.सिंघवी की दलील खत्म होने के बाद वरिष्ठ वकील अमित देसाई ने केजरीवाल की ओर से दलील रखने की कोशिश की. इसका ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने विरोध किया. राजू ने कहा कि अगर ईडी कहे कि पांच वकील उसकी ओर से दलीलें रखेंगे तो क्या होगा।

# उत्तराखंड के लिए ग्रीन बोनस व ग्रांट बढ़ाने पर रहेगा फोकस



देहरादून। सरकार 16 वें वित्त आयोग में राज्य को ज्यादा ग्रीन बोनस और ग्रांट दिलाने पर फोकस करेगी। इसके लिए सभी विभागों को अभी से प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बुधवार को सचिवालय में 16 वें वित्त आयोग की तैयारियों के सिलसिले में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों को इस संदर्भ में तैयारी करने और नोडल अफसरों की तैनाती करने के निर्देश दिए हैं। 16 वें वित्त आयोग की तैयारियों के सिलसिले में आयोजित इस बैठक में 16 वें वित्त आयोग के तहत केंद्र से अलग अलग क्षेत्रों में मांगी जाने वाली धनराशि के बारे में प्राथमिक तौर पर चर्चा हुई।

इसके बाद सभी विभागों को व्यापक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। विदित है कि एक अप्रैल 2026 से 16 वां वित्त आयोग की रिपोर्ट लागू होनी है। इसकी तैयारियों के लिए केंद्र सरकार ने आयोग का गठन किया है जो 31 अक्तूबर 2025 तक अपनी रिपोर्ट देगा। इस रिपोर्ट को तैयार करने से पहले आयोग सभी राज्यों का दौरा करेगा और राज्यों की जरूरतों को अपनी रिपोर्ट में शामिल करेगा। बाद में केंद्र सरकार इस आयोग की सिफारिशों के आधार पर विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के आधार पर राज्यों के लिए ग्रांट तय करेगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव दिलीप जावलकर, वी षणमुगम, अरविंद ह्यांकी, डा रंजीत सिन्हा आदि मौजूद रहे।

### इन बिंदुओं पर रहेगा सरकार का फोकस

–राजस्व घाटा अनुदान प्राप्त करने के प्रयास
–ग्रीन बोनस के साथ ही अन्य क्षेत्रों में ज्यादा ग्रांट
–फ्लोटिंग आबादी को देखते हुए सभी योजनाओं के लिए मानकों में बदलाव
–पर्यटकों को शामिल करते हुए 7 करोड़ की जनसंख्या का मानक
–आपदा के मानकों में ग्लेशियर की समस्या को भी शामिल किया जाए
–जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए बजट ।

## एक नजर

### गजब : कॉलेज कर्मचारियों का वेतन निकाला, अस्पताल का अटका दिया

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपनल से लगे सैकडों कर्मचारियों की होली वेतन नहीं मिलने से फीकी रही। मंगलवार को भी वेतन नहीं मिल सका। अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज स्तर पर समन्वय नहीं होने एवं लेखा–अकाउंट अनुभागों की हीलाहवाली की वजह से यह नौबत आई है। मंगलवार को जब वेतन संबंधी पड़ताल हुई तो पता चला कि कॉलेज में उपनल कर्मचारियों का वेतन होली से पूर्व जारी हो गया था। अस्पताल कर्मचारियों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि जब कॉलेज का वेतन निकलने में देरी नहीं हुई तो उनका क्यों अटकाया गया। डीएमएस डॉ. धनंजय डोभाल का कहना है कि अस्पताल से समय पर बिल भेज दिए गए थे। कॉलेज से ट्रेजरी भेजे गए। ट्रेजरी से मंगलवार को वेतन जारी करने की बात कही गई थी। बुधवार को दोबारा बात की जाएगी।

**इंसेंटिव कब मिलेगा?**

अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों को करीब डेढ़ करोड़ का इंसेटिव बांटा जाना है। होली पर इसे बांटने का दावा किया गया था। लेकिन डाटा की गणना ही नहीं हो सकी। कर्मचारियों का कहना है कि आखिर कब इंसेंटिव मिलेगा? इस संबंध में वह लगातार अफसरों के चक्कर काट रहे हैं।

### ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी की लत के कारण खुद की जान ले ली

बंगलूरू । कर्नाटक से एक दुखद खबर सामने आ रही है। यहां एक पत्नी ने अपने पति के ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी की लत के कारण खुद की जान ले ली। दरअसल, चित्रदुर्ग इलाके के निवासी दर्शन बाबू को क्रिकेट मैचों में सट्टा लगाने की लत है, जिससे उनकी 23 साल की पत्नी रंजीता को सख्त एतराज था। सट्टेबाजी जारी रखने के लिए और उधार लेने लगा। जैसे–जैसे कर्ज बढ़ता गया, उसे और उसके परिवार को उधार देने वालों द्वारा धमकाया जाने लगा। करोड़ों की उधारी के चलते तंग आकर रंजीता ने आत्महत्या कर ली। 18 मार्च को रंजीता का शव घर में ही फंदे पर लटका मिला था।

**84 लाख रुपये उधार**

परिवार के मुताबिक, दर्शन पर एक करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज था। वह पहले होसदुर्ग में लघु सिंचाई विभाग में सहायक अभियंता के रूप में काम करता था। फिर 2021 से 2023 तक आईपीएल सट्टेबाजी में पड़ गया था। इससे घर के आर्थिक हालात बिगड़ने लगे।

# अंतिम दिन 37 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा, हुए कुल 63 नामांकन, कल होगी जांच




देहरादून। लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन के आखिरी दिन उत्तराखंड में 37 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस तरह पांच लोकसभा सीटों पर कुल 63 नामांकन आए हैं। अब बृहस्पतिवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 30 तक नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी।बुधवार को नामांकन का आखिरी दिन था। मंगलवार तक प्रदेश में 26 नामांकन आए थे, जिनकी संख्या बुधवार को बढ़कर 63 पहुंच गई। इनमें सबसे ज्यादा 21 नामांकन हरिद्वार लोकसभा सीट में हुए हैं। इनके अलावा गढ़वाल सीट में 13, टिहरी में 11, नैनीताल–ऊधमसिंह नगर में 10 और अल्मोड़ा में आठ नामांकन हुए हैं। बुधवार को शक्ति प्रदर्शन के साथ चार घंटे के भीतर 37 नए नामांकन हुए हैं। हालांकि इनमें कई प्रत्याशी ऐसे हैं, जिन्होंने अपने नाम से ही दो से तीन नामांकन किए हुए हैं।

**आज होगी नामांकन पत्रों की जांच**

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने बताया कि बृहस्पतिवार को पांचों सीटों पर आए नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। सही जानकारी न होने पर नामांकन पत्र निरस्त किए जा सकते हैं। सीसीटीवी की निगरानी में नामांकन पत्रों की बारीकी से जांच होगी। 30 मार्च को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होगी।

**2019 चुनाव मैदान में थे 52 उम्मीदवार**

राज्य गठन के बाद से अब तक चार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। वर्ष 2004 के चुनाव में कुल 54 प्रत्याशी, 2009 चुनाव में 76, 2014 चुनाव में 74 और 2019 के चुनाव में 52 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था।

### साहिया–दातनू मोटर मार्ग पर पलटा वाहन, छह साल के बच्चे समेत 11 लोग घायल

विकासनगर। बडनू से नगदी फसलों और सवारियों को लेकर साहिया की ओर जा रहा एक यूटिलिटी वाहन साहिया–दातनू रोड पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन दुर्घटना में 11 लोग घायल हो गए। इनमें से तीन घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह बडनू से नगदी फसलों को लेकर एक यूटिलिटी वाहन साहिया के लिए निकला। बराडगाड के पास वाहन के ब्रेक फेल हो गए। ब्रेक नहीं लगने पर चालक ने सूझ–बूझ दिखाते हुए वाहन को पहाड़ी की ओर चढ़ा दिया, इससे वाहन पलट गया। वाहन में 11 लोगों को चोटें आई, जबकि नगदी फसलें गिरकर बर्बाद हो गई। वाहन दुर्घटना की सूचना पर राजस्व पुलिस और 108 वाहन मौके पर पहुंचा। राजस्व पुलिस कर्मियों ने स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से सभी घायलों को उपचार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साहिया पहुंचाया। यहां गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. विक्रम सिंह तोमर ने बताया कि घायल बल्ली, शिवानी और छह साल के बच्चे को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है, जबकि सात अन्य लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

# कविता को तिहाड़ के जेल नंबर 6 में रखा गया, दो अन्य कैदी भी साथ, कैदियों वाला खाना मिला



नई दिल्ली। तेलंगाना में कभी सत्ताधारी दल रही भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता को तिहाड़ जेल में रखा गया है। ईडी की जांच के दायरे में आने के बाद हैदराबाद से दिल्ली लाई गईं कविता को अदालत के आदेश के बाद तिहाड़ भेजा गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कविता ने जेल में पहली रात बिताई और उन्हें जेल का खाना परोसा गया। कविता को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में कई और हाईप्रोफाइल लोग सलाखों के पीछे हैं। कविता की जेल के बारे में तिहाड़ के सूत्रों ने बताया कि उन्होंने पहली रात महिलाओं के लिए अलग से बनाए गए जेल नंबर छह में बिताई। उन्हें दो अन्य महिला कैदियों के साथ रखा गया है।

खाने में दाल–चावल मिला; कविता की हिरासत पर अदालत ने क्या कहा?

जेल के एक सूत्र ने बताया कि कविता को खाने में दाल–चावल मिला। मंगलवार रात अन्य कैदियों को भी यही खाना परोसा गया। बुधवार सुबह कविता को नाश्ते के साथ चाय मिली। बता दें कि अदालत के आदेश के मुताबिक कविता नौ अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में रहेंगी। अदालत ने सुनवाई के दौरान यह स्वीकार किया कि उन्हें रिहा किए जाने पर मुकदमे के गवाहों को प्रभावित किए जाने और सबूतों के साथ छेड़छाड़ की भी प्रबल संभावना है।

**जेल मैनुअल के मुताबिक कविता को क्या मिला?**

सूत्रों के मुताबिक मेडिकल जांच के दौरान कविता का ब्लडप्रेशर मामूली रूप से कम पाया गया। हालांकि, बाद में यह सामान्य हो गया और उन्हें सेल में भेज दिया गया। जेल मैनुअल के मुताबिक कविता को एक गद्दा, चप्पल, कपड़े, चादल और कंबल मिला है। उन्हें जरूरी दवाएं भी दी गई हैं।

**जेल में कौन सी सुविधाएं मिलेंगी?**

अदालत के आदेश के अनुसार 46 वर्षीय कविता को घर का बना खाना भी दिया जा सकता है। अदालत ने उन्हें किताबें, कलम और कागज रखने की अनुमति भी दी है। बीआरएस नेता को आभूषण पहनने की भी अनुमति है।

# चुनाव में लगने वाले वाहनों का किराया हुआ दोगुना

### पहली बार जेबखर्च भी मिलेगा

देहरादून। उत्तराखंड में चुनाव आयोग ने मतदान प्रक्रिया में लगने वाले वाहनों का किराया बढ़ा दिया है। पहली बार इन वाहनों पर चलने वाले ड्राइवरों को रोजाना 350 रुपये खानपान व मानदेय के रूप में देने का निर्णय लिया गया है। वहीं, इस बार चुनाव आयोग ही वाहनों का डीजल खर्च भी वहन करेगा।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में बताया, निर्वाचन टीमों को पोलिंग बूथ तक लेने के लिए जिन वाहनों का इस्तेमाल किया जाएगा, इस बार उनका किराया बढ़ाया गया है। पहले छोटे वाहनों के लिए 750 रुपये, बड़े वाहनों के लिए 1,800 रुपये किराया था, जो छोटे वाहनों के लिए 1,430 रुपये और बड़े वाहनों के लिए 2,840 रुपये कर दिया गया है।

30 सीटर से बड़े वाहनों के लिए 3800 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से किराया दिया जाएगा। ईंधन का शुल्क अलग से वहन किया जाएगा। वाहन चालकों के लिए पहली बार 150 रुपये प्रतिदिन उनके खानपान के लिए और 200 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय दिया जाएगा। पोलिंग पार्टियों के साथ जाने वाले वाहनों के चालकों को रहने और खाने की व्यवस्था संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों के माध्यम से की जाएगी।

### ब्रेन सर्जरी के बाद सद्गुरु जग्गी वासुदेव की सेहत में सुधार, अस्पताल से हुए डिस्चार्ज

नई दिल्ली। ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव की हाल ही में ब्रेन सर्जरी हुई है। मस्तिष्क में रक्तस्राव व सूजन के चलते सद्गुरु को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मस्तिष्क में जमे रक्त को बाहर निकालने के लिए 17 मार्च को सर्जरी की गई थी। अब सदगुरु की हालत सुधर रही है। वह अब ठीक हो रहे हैं। सेहत में सुधार को देखते हुए सद्गुरु जग्गी वासुदेव को नई दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। इससे पहले सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स के साथ हेल्थ अपडेट शेयर किया था। उन्होंने अस्पताल के कमरे के अंदर से अपना एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया था जिसमें सद्गुरु ने लिखा था कि नई दिल्ली में सद्गुरु शीघ्र स्वस्थ होने की राह पर हैं। वीडियो में सद्गुरु अस्पताल के बिस्तर पर बैठे हुए अखबार पढ़ते दिखाई दे रहे थे।

**सद्गुरु को सबड्यूरल हेमेटोमा की समस्या**

अस्पताल की ओर से जारी बयान में न्यूरोलॉजिस्ट ने बताया था कि, दर्द की गंभीरता के बावजूद सद्गुरु ने अपना सामान्य दैनिक कार्यक्रम और सामाजिक गतिविधियां जारी रखीं। यहां तक कि आठ मार्च को महा शिवरात्रि समारोह भी आयोजित किया। 15

# सुप्रीम कोर्ट: पीएमएलए से जुड़ी याचिका अदालत ने की खारिज

### पुराने फैसले की समीक्षा करने की थी मांग

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली एक याचिका को खारिज कर दिया है। जिसमें कहा गया था कि किसी व्यक्ति पर आपराधिक साजिश रचने पर धन शोधन निवारण अधिनियम(पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज नहीं किया जा सकता है। आईपीसी की धारा 120 बी में आपराधिक साजिश के लिए सजा का प्रावधान है।

**29 नवंबर के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिका खारिज**

न्यायाधीश की पीठ ने 29 नवंबर, 2023 के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें यह भी कहा गया था कि यह जरूरी नहीं है कि जिस व्यक्ति के खिलाफ पीएमएलए की धारा 3 के तहत अपराध का आरोप है, उसे इस रूप में दिखाया जाना चाहिए। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा कि खुली अदालत में समीक्षा याचिकाओं की सुनवाई की मांग करने वाले आवेदन खारिज कर दिए जाते हैं। हमने 29 नवंबर, 2023 के फैसले और आदेश का अवलोकन किया है, जिसकी समीक्षा करने की मांग की गई है। 29



नवंबर को शीर्ष अदालत ने कहा था आईपीसी की धारा 120 बी के तहत दंडनीय अपराध तभी अनुसूचित अपराध बनेगा, जब कथित साजिश एक अपराध करने की हो जो विशेष रूप से अनुसूची में शामिल है।

**फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने पीएमएलए के प्रावधानों की व्याख्या**

फैसले में शीर्ष अदालत ने पीएमएलए के प्रावधानों की व्याख्या की थी और कहा था कि विधायिका की मंशा को प्रभावी करते हुए यदि किसी दंडात्मक कानून के किसी विशेष प्रावधान की दो उचित व्याख्याएं दी जा सकती हैं, तो अदालत को आम तौर पर उस व्याख्या को अपनाना चाहिए जो इससे बचती है। दूसरे शब्दों में, दोनों की अधिक उदार व्याख्या को अपनाने की जरूरत है। पीएमएलए की धारा 2 की उप–धारा (1) के खंड (वाई) के तहत अनुसूचित अपराध की परिभाषा से जो विधायी इरादा इकट्ठा किया जा सकता है, वह यह है कि प्रत्येक अपराध जो अपराध की आय उत्पन्न कर सकता है, उसे अपराध होने की आवश्यकता नहीं है। इसलिए, केवल कुछ विशिष्ट अपराधों को ही अनुसूची में शामिल किया गया है। पीठ ने कहा था कि पीएमएलए में शामिल अपराध से किसी भी संबंध के बिना, आपराधिक साजिश को अपने आप में एक अनुसूचित अपराध की अनुमति देना, अनुसूची को अर्थहीन या अनावश्यक बना देगा। पीठ ने कहा था कि केवल इसलिए कि किसी अपराध को करने की साजिश रची गई है, वह गंभीर अपराध नहीं बन जाता।

## संपादकीय

### हरिद्वार पर कशमकश

उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीटों पर यूं तो अब तक समझा जा रहा था कि भाजपा क्लीन स्वीप करने की ओर है, लेकिन जैसे–जैसे मतदान का दिन निकट आ रहा है वैसे–वैसे लोकसभा चुनाव का रोमांच भी बढ़ रहा है। पूरे प्रदेश की निगाहें अब हरिद्वार लोकसभा सीट पर है क्योंकि यहां दिलचस्प मुकाबला होने के आसार हैं और अब तो यह भी कहा जाने लगा है कि भाजपा को इस सीट को जीतने के लिए काफी मेहनत करनी होगी। इसका कारण कांग्रेस नहीं बल्कि खानपुर विधायक उमेश कुमार का निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर हरिद्वार सीट से चुनाव लड़ना है। हरिद्वार लोकसभा सीट पहले से ही प्रत्याशियों के चयन के लिए भी काफी चर्चाओं में रही है, पहले यहां भारतीय जनता पार्टी ने अपना उम्मीदवार चुनने में रहस्य बनाए रखा और सिटिंग सांसद रमेश पोखरियाल निशंक के स्थान पर टिकट पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को दे दिया। वहीं कांग्रेस ने भी हरीश रावत के पुत्र वीरेंद्र रावत को टिकट दिया हालांकि कांग्रेस के लिए वीरेंद्र रावत कोई बहुत अधिक मजबूत उम्मीदवार नहीं माने जा रहे हैं। राजनैतिक मैदान में उनके पिता की पृष्ठभूमि हटा दें तो अपने दम पर वह कांग्रेस को चुनावों की नैया पार करने में सक्षम नहीं है। वर्तमान परिस्थितियों में कहा तो यह भी जा रहा है कि हरिद्वार में होने वाले तिहरे मुकाबला का लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिल सकता है। उमेश कुमार हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र के एक निश्चित दायरे में प्रभावशाली हो सकते हैं लेकिन हरिद्वार लोकसभा सीट में ऋषिकेश एवं डोईवाला का भी एक बड़ा क्षेत्र शामिल है जिसमें उमेश कुमार का अधिक प्रभाव नहीं है। हरिद्वार जनपद के अतिरिक्त देहरादून जिले में पड़ने वाले हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में यदि वह अपनी पैठ जमाने में सफल रहे तो निश्चित तौर पर हरिद्वार सीट में चौंकाने वाले परिणाम मिलेंगे। विधानसभा वार दृष्टि डालें तो देहरादून से लेकर हरिद्वार जनपद के विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की अच्छी पैठ है, जो भाजपा को एक सुखद स्थिति में खड़ा करने का मौका दे सकती है। उमेश जे. कुमार हरिद्वार लोकसभा सीट में विकास के मुद्दे को लेकर मैदान में उतरे हैं और उन्होंने इस क्षेत्र में सांसद निधि के पैसे का पूर्ण उपयोग न करने का भी आरोप लगाया है। इस सबके बीच कांग्रेस हरीश रावत के दम पर हरिद्वार लोकसभा सीट पर जीत का सपना संजोए है लेकिन इस तिगड़ी मुकाबले में देखें तो कांग्रेस को कहीं ना कहीं चुनावी मैदान में कमजोर ही माना जा रहा है। असर तो यही नजर आ रहे हैं कि उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीटों में से सर्वाधिक रोमांस हरिद्वार सीट पर ही देखने को मिल सकता है।

# प्रदूषण नियंत्रण : संसाधनों की कमी बड़ी बाधा

**अनिरुद्ध गौड़**



एनजीटी ने पिछले साल अक्टूबर, 2023 में राज्यों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) और केंद्रशासित प्रदेशों की प्रदूषण नियंत्रण समितियां (पीसीसी) में पदों पर कर्मियों और संसाधनों की कमी से जुड़ी 24 अक्टूबर, 2023 की एक मीडिया खबर पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की तो ट्रिब्यूनल ने पाया कि प्रदूषण के खिलाफ लडने वाली संस्थाएं सीपीसीबी और पीएससी भी कर्मियों के पदों की रिक्तियों और संसाधनों से जूझ रही हैं।

क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क साउथ एशिया के सीनियर एडवाइजर शैलेंद्र यशवंत ने पिछले साल अपनी इस रिपोर्ट में दिल्ली स्थित थिंकटैंक सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का हवाला देते हुए दावा किया था कि देश में प्रदूषण नियंत्रण करने वाली संस्थाएं मसलन, राज्यों में एसपीसीबी और केंद्रशासित प्रदेशों में पीसीसी के पास कर्मियों की अपर्याप्त स्वीकृत शक्ति, विशेष रूप से तकनीकी पदों की संख्या, उचित प्रशिक्षण का अभाव, प्रदूषण निगरानी और निवारण उपकरणों की कमी, तकनीकी रूप से सक्षम नेतृत्व की अनुपस्थिति, लंबे समय तक प्रवर्तन तंत्र का अभाव, अपर्याप्त धन और प्रभावी खर्च जैसी समस्याएं बनी हुई हैं।

कहा कि भारत में वायु प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में प्रदूषण नियंत्रण बोर्डस और समितियां केंद्र में हैं। दावा किया गया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्डस खस्ताहाल हैं। इन सबके मद्देनजर मुद्दा यह है कि देश में प्रदूषण से कैसे निजात पाई जा सकती है। दरअसल, एनजीटी पिछले साल प्रदूषण के एक मामले की सुनवाई कर रहा था। इसी बीच 24 अक्टूबर, 2023 को जब यह मीडिया रिपोर्ट आई तो एनजीटी ने इस पर स्वतः संज्ञान लेकर मूल आवेदन संख्या 693/2023 में इसे शामिल करके कार्रवाई करते हुए सीपीसीबी और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को नोटिस देकर 23 नवम्बर, 2023 को मीडिया खबर पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए थे।

एनजीटी के आदेशों के अनुपालन में सीपीसीबी की 23 नवम्बर, 2023 को रिपोर्ट मिली तो एनजीटी ने पाया कि मीडिया रिपोर्ट में सीपीसीबी और पीसीसी में अपर्याप्त कर्मियों और संसाधनों संबंधी दावे सही हैं। रिपोर्ट में देखा गया कि कुल 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों में एसपीसीबी और पीसीसी के कर्मियों की स्थिति के ब्यौरे में 11,969 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 5,877 पद ही भरे हुए हैं जबकि 6,092 पद खाली पड़े हैं। हर साल सर्दियों में वायु प्रदूषण की दिक्कतों का सामना करने वाली दिल्ली पीसीसी में 344 पद स्वीकृत हैं, लेकिन 191 पद ही भरे हैं। उत्तर प्रदेश की एसपीसीसी में 732 स्वीकृत पद हैं, लेकिन 407 पद ही भरे हुए हैं।

उत्तराखंड राज्य में 130 पदों की स्वीकृति के सापेक्ष सिर्फ 51 पद ही भरे हुए हैं। आंध्र प्रदेश में हालत बहुत गंभीर है, 289 स्वीकृत पदों के सापेक्ष सिर्फ 87 पद भरे हैं। बिहार में 249 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 202 पद खाली हैं। मध्य प्रदेश में 1228 पदों में 459 पद ही भरे हुए हैं। गुजरात में 831 के सापेक्ष 894 भरे हुए हैं, और 334 खाली हैं। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, केरल, कर्नाटक, झारखंड, ओडिशा में तो स्वीकृत स्ट्रेंथ से 50 प्रतिशत से भी अधिक पद खाली हैं। अन्य संसाधनों की बात करें तो देश में दो तरह की सेंट्रल और रिजनल एनवायरनमेंटल लैबोरेट्रीज की व्यवस्था हैं। रिपोर्ट्स में पाया गया कि देश की कुल 194 लैबोरेट्रीज में 31 सेंट्रल और 163 रिजनल लैबोरेट्रीज हैं। इन 194 लैबोरेट्रीज में से 41 लैबोरेट्रीज राष्ट्रीय परीक्षण और अंश शोध प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड के तहत एक्रेडेटिड और 12 लैबोरेट्रीज एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन एक्ट द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। यदि इनकी संख्या और बढ़ जाए तो प्रदूषण नियंत्रण को संबल मिलेगा।

इन सब को देखते हुए एनजीटी ने अपने 23 नवम्बर, 2023 को जारी आदेशों में सीपीसीबी की केंद्रीय और रिजनल लैबोरेट्रीज के साथ सभी 28 राज्य और 8 केंद्रशासित प्रदेशों के पर्यावरण एवं वन विभागों को पक्षकार बनाया। इन्हें नोटिस जारी कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए। पूछा कि कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या और पदों पर वर्तमान में नियुक्ति, प्रशासनिक, मंत्रालयी और तकनीकी कर्मचारियों का अनुपात, मौजूदा रेग्युलेटिंग और मॉनिटिरिंग सुविधा, लैब स्ट्रैंथ इंफ्रास्ट्रक्चर, उपकरणों और हॉटस्पॉट की निगरानी से जुड़ी सुविधाएं क्या हैं।

पिछले दो वित्त वर्षो 2020–21 और 2021–22 के बजट, आय के स्रोत और खर्च का ब्यौरा भी मांगा गया। सीपीसीबी के अलावा करीब 20 एससीपीसी और पीसीसी ने एनजीटी के आदेशों के अनुपालन में रिपोर्ट्स प्रस्तुत की और एनजीटी ने 2 फरवरी, 2024 को सुनवाई की। एनजीटी ने 12 अप्रैल, 2024 में अगली सुनवाई नियत की है। प्रदूषण नियंत्रण के दायित्व के लिए जिम्मेदार संस्थाएं मजबूत होंगी तो निश्चय ही देश में किसी भी तरह के प्रदूषण की समस्या पर नियंत्रण करना आसान होगा।

# मैं हूं मोदी का परिवार : विपक्ष का विरोध हास्यास्पद

**अवधेश कुमार**

मैं हूं मोदी का परिवार टैगलाइन 2024 के चुनाव का एक प्रमुख नारा बन गया है। यह वैसे ही है जैसे 2019 लोक सभा चुनाव में “मैं हूं चौकीदार” एक बड़ा नारा बना और सर्वे बताते हैं कि उसका असर चुनाव पर हुआ।आम धारणा यही है कि “मैं हूं मोदी का परिवार” 2024 लोक सभा चुनाव में मतदाताओं के मतदान करने की प्रक्रिया निर्धारित करने का एक कारक बन सकता है।3 मार्च को बिहार की राजधानी पटना में गठबंधन की रैली में लालू प्रसाद यादव जी ने कल्पना नहीं की होगी कि वह जो कुछ बोल रहे हैं उसकी ऐसी प्रतिक्रिया हो सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिवारवाद पर हमला करने का अपने तरीके से जवाब ही दिया था। उसमें यह पूछने की क्या आवश्यकता थी कि मोदी बताएं कि उनका कोई परिवार क्यों नहीं है, संतान क्यों नहीं है? वह यहां तक चले गए कि कह दिया कि मोदी हिंदू भी नहीं हैं।माता–पिता की मृत्यु पर उनके बच्चे अपने बाल दाढ़ी सब साफ करवाते हैं, जबकि उन्होंने नहीं किया। ऐसे हमले पर प्रतिहमला स्वाभाविक था। प्रधानमंत्री मोदी ऐसे हमले का आक्रमक और लोगों के दिलों को स्पर्श करने वाली भाषा शैली में प्रत्युत्तर देने में प्रवीण है। इसलिए उन्होंने कहा कि आज इंडिया गठबंधन के लोग, जो परिवारवाद, भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं, वह मुझसे मेरे परिवार के बारे में पूछते हैं, 140 करोड़ भारतीय ही मेरा परिवार है।2019 आम चुनाव के पहले से राहुल गांधी राफेल विमान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसी तरह निशाने पर ले रहे थे। उन्होंने “चौकीदार चोर है” का नारा लगाया था। “चौकीदार चोर है” के समानांतर प्रधानमंत्री ने “मैं भी चौकीदार” का नारा दिया और देखते–देखते भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने सोशल मीडिया पर मैं भी चौकीदार में अपना परिचय लिख दिया। राहुल गांधी और पूरे विपक्ष के लिए यह उल्टा पड़ गया।प्रश्न है कि क्या “मैं हूं मोदी का परिवार” नारा भी विपक्ष के लिए फिर उल्टा पड़ जाएगा? यह ऐसा भावनात्मक विषय है जो लोगों के दिलों पर सीधा असर डालता है। हमारे देश में अविवाहित रहकर यानी परिवार न बसा कर या परिवार का त्याग कर देश, समाज, धर्म की सेवा या आत्म साधना में जीवन लगाने वालों की बड़ी संख्या है। राजनीति में सभी विचारधाराओं में ऐसे लोग रहे हैं जिनका सम्मान समाज में हमेशा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार इस मामले में इसलिए शीर्ष पर हैं क्योंकि वहां जीवनदानी प्रचारकों की सबसे ज्यादा संख्या है।समाजवादियों में भी ऐसे लोग रहे हैं। समाजवादी नेताओं ने भी अपने जीवन काल में वंशवाद और परिवारवाद को बड़ा मुद्दा बनाया, पर प्रत्युत्तर में इस तरह उनके परिवार न होने पर किसी ने प्रश्न नहीं उठाया। उठाया भी नहीं जाना चाहिए। मोदी आज प्रधानमंत्री हैं तो लगता है कि उनके पास सारे सुख साधन हैं और इसलिए हमला करने पर लोग प्रभावित हो जाएंगे। उन्होंने जब परिवार से अलग होकर संघ का प्रचारक बनकर अपनी विचारधारा के अनुरूप राष्ट्र सेवा का व्रत लिया होगा तो इसकी कल्पना नहीं रही होगी कि राजनीति में किसी समय में शीर्ष पर जा सकते हैं। उस समय जनसंघ या बाद में भाजपा की हैसियत इतनी बड़ी नहीं थी और जितनी थी उनमें बड़े कद के नेताओं की भी इतनी लंबी कतार थी कि देश एवं अनेक राज्यों की सत्ता में आने पर शीर्ष नेता होने का सपना संजोए जाए।सैंकड़ों की संख्या में ऐसे जीवन दानी संघ परिवार के साथ–साथ अनेक गैर राजनीतिक राजनीतिक संगठनों में लोग पहले भी थे और आज भी हैं। या देश का दुर्भाग्य है कि हम राजनीतिक तू तू मैं मैं इस विषय को घसीटते हैं। वास्तव में आज पार्टियों में एक ही परिवार से निकले हुए लोगों के हाथों नेतृत्व और निर्णय की मुख्य कमान रहने राजनीति का सबसे बड़ा रोग बना हुआ है। इसके कारण योग्य, ईमानदार, सक्षम और समर्पित लोगों का उनकी क्षमता के अनुसार राजनीति में अवसर मिलना बाधित है।

व्यवस्था में ऐसे लोग भी परिवारवादी नेतृत्व के समक्ष नतमस्तक होकर हां–में–हां मिलाने और अपने को उनके साथ एडजस्ट करने को विवश हैं। ज्यादातर परिवारवादी नेतृत्व ने सत्ता का हर स्तर पर दुरु पयोग किया है। देख लीजिए इनमें ज्यादातर के परिवार या वे स्वयं भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। लालू प्रसाद यादव को तो चारा घोटाले के तीन मामलों में सजा भी मिल चुकी है। किसी राजनीतिक परिवार से अगली पीढ़ी का राजनीति में सक्रिय होना और परिवार के हाथों ही नेतृत्व सिमटे रहने में मूलभूत अंतर है।

परिवारवादी नेतृत्व वालों पर हमला होगा या उनकी आलोचना होगी तो निश्चित रूप से वे तिलमिलाएंगे। इसका उत्तर यह नहीं हो सकता जो लालू प्रसाद यादव जी ने दिया है। यह राजनीतिक विरोधियों की आलोचना के संदर्भ में स्थापित मर्यादाओं का दुर्भाग्यपूर्ण अतिक्रमण है। हालांकि लालू यादव के वक्तव्य का सही अर्थ समझना भी कठिन है। वे कहते हैं कि जिनके ज्यादा बच्चे हैं उन पर वह प्रश्न उठते हैं और कहते हैं कि परिवारवाद को बढ़ावा दे रहा है तो वह बताएं कि उनके परिवार क्यों नहीं है?प्रधानमंत्री मोदी ने अपने तरीके से बता दिया कि उनका परिवार क्यों नहीं है। उनके पार्टी और समर्थकों ने बता दिया कि उनका एक बड़ा परिवार है। इसका लालू प्रसाद यादव और उनके समर्थकों के पास क्या उत्तर हो सकता है? जो उत्तर वह देंगे या दे रहे हैं क्या वह लोगों के अंतर्मन को वाकई छू पाएगा? कतई नहीं। सच यही है कि परिवारवादी नेतृत्व या परिवार के कारण योग्य अक्षम लोगों का राजनीति में प्रभावी होने जैसी दुष्प्रवृत्ति का कोई सकारात्मक उत्तर दिया ही नहीं जा सकता है।

## विश्व शांति और महिलाधिकार

**बढ़ती हिंसा और बढ़ते डिजिटल लिंग विभाजन के कारण महिलाओं के अधिकार खतरे में हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए यह कहा।**

दुनिया भर में महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए समर्पित महत्त्वपूर्ण प्लेटफॉर्म, महिलाओं की स्थिति पर आयोग (सीएसडब्ल्यू) के उद्घाटन अवसर पर गुतरेस ने महिलाओं पर युद्धों के असंगत प्रभाव की भी बात की। उन्होंने तत्काल युद्धविराम और मानवीय सहायता का आग्रह करते हुए कहा कि दुनिया भर के संघर्ष क्षेत्रों में महिलाएं और लड़कियां पुरुषों द्वारा छेड़े गए युद्धों से सबसे ज्यादा पीड़ित हैं। गाजा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कथित तौर पर वहां इस्त्रइल की सैन्य कार्रवाइयों के दौरान हताहत दो–तिहाई से अधिक महिलाएं हैं। अफगानिस्तान और सूडान की महिलाओं की स्थिति और पुरुषों द्वारा नियंत्रित एल्गोरिदम जीवन के कई पहलुओं में पैदा होने वाली असमानता पर भी चर्चा की। गुतरेस ने महिलाओं को सभी स्तरों पर डिजिटल प्रौद्योगिकी में निर्णय लेने की भूमिका मिलने की बात भी की। लैंगिक समानता हासिल करने के लिए संरचनात्मक बाधाओं को खत्म करने और महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं से रोकने पर विशेष जोर दिया। युद्धों और दुनिया भर जारी मार–काट से निपटने का काम महिलाएं बेहतर ढंग से कर सकती हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है।

सारी दुनिया में जारी युद्धों के मूल में पुरुष ही हैं, हालांकि वे युद्धों की बलि भी चढ़ रहे हैं जिसकी परोक्ष और अपरोक्ष तौर पर कीमत स्त्रियां ही चुका रही हैं। परिवारों से बिछड़ने वाले बच्चे दर–दर की ठोकरें खा रहे हैं। युद्धों ने नौजवानों को भी नेस्त–नाबूत कर दिया है। पीछे छूटी स्त्रियां नन्हें बच्चों को सीने से चिपटाए बेघर भटक रही हैं। बढ़ती वैश्विक हिंसा बच्चों समेत महिलाओं के अधिकारों को रौंदते हुए संक्रमण की तरह बढ़ती ही जा रही है। दुनिया भर के ताकतवर शीप्राधिकारियों के कानों में जूं रेंगती नहीं नजर आ रही। यह सच है कि जब तक शीर्ष पदों पर और प्रौद्योगिकी पर लैंगिक समानता नहीं होगी, इसी तरह के आक्रमक/विभीषिका भरे निर्णयों से महिलाओं और बच्चों का जीवन खतरों से भरा रहेगा। पीड़ितों के बचाव और सुरक्षित जीवन के लिए जरूरी है कि महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित न रखा जाए।

# मस्ती 4 के लिए हो जाएं तैयार, रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब आए साथ



आने वाले दिनों में कई फिल्मों के सीक्वल दर्शकों के बीच आने वाले हैं और अब इस कड़ी में एक और नाम जुड़ गया है। दरअसल, मस्ती 4 का ऐलान कर दिया गया है। इसके लिए रितेश देशमुख, आफताब और विवेक ओबेरॉय की दमदार तिकड़ी पर्दे पर वापसी कर रही है।फिल्म के पोस्टर के साथ चौथी किस्त का ऐलान कर दिया गया है, जिसे देख मस्ती फ्रैंचाइजी के प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं है।

विवेक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर लिखा, हम दोबारा पुराना धमाका करने के लिए तैयार हैं। अपने आप को तैयार रखें और अपनी सांसें थाम लीजिए, क्योंकि हम मस्ती 4 के फिर वापस आ रहे हैं। जल्द ही शूटिंग शुरू करने वाले हैं। हम इस रोमांचक और मस्ती से भरे सफर के लिए उत्साहित हैं।उन्होंने पोस्ट में यह भी बताया कि मिलाप जावेरी इस बार फिल्म के निर्देशन की कमान संभालेंगे।

बता दें कि मस्ती एक सेक्स कॉमेडी फिल्म सीरीज है। इस बार फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी मिलाप को सौंपी गई है। पहले वह इस सीरीज से बतौर लेखक जुड़े हुए थे।मस्ती फ्रैंचाइजी के निर्देशक इंद्र कुमार थे, जो अब बतौर निर्माता इसमें अपनी भागीदारी देंगे। एकता कपूर भी फ्रैंचाइजी के निर्माताओं में से एक थी, लेकिन चौथे भाग से वह नहीं जुड़ी हैं।ए झुनझुनवाला, एस.के. अहलूवालिया और अशोक ठकेरिया भी फिल्म के सह–निर्माण में शामिल होंगे।

इस सीरीज की पहली फिल्म मस्ती 2004 में रिलीज हुई थी। 12 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 34 करोड़ रुपये कमाए थे।फिर 2013 में आई ग्रैंड मस्ती, जो 34 करोड़ रुपये की लागत से बनी और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किया।तीसरी किस्त ग्रेट ग्रैंड मस्ती 2016 में आई थी। हालांकि, 50 करोड़ रुपये में यह फिल्म महज 19 करोड़ रुपये बटोर पाई थी।

रितेश जल्द ही अजय देवगन अभिनीत फिल्म रेड 2 में दिखेंगे। इसमें वह विलेन बने हैं, वहीं वेड के बाद वह छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर एक फिल्म का निर्देशन भी करने वाले हैं।विवेक को पिछली बार इंडियन पुलिस फोर्स में देखा गया था। हालांकि, मस्ती के अलावा उनकी दूसरी फिल्म का ऐलान अभी नहीं हुआ है।उधर आफताब आखिरी बार ग्रेट ग्रैंड मस्ती में दिखे थे। उसके बाद वह एकाध साउथ की फिल्मों में नजर आए।

# इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती 7 मैचों में ही बना नया ट्रेंड, टॉस नहीं बना बॉस, होम टीम को मिली जीत

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन में अब तक 7 मैच खेले जा चुके है। 26 मार्च को सीएसके और गुजरात टाइटंस के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें सीएसके को 63 रन से जीत मिली। आईपीएल के इस मौजूदा सीजन में एक ट्रेंड देखने को मिल रहा है। इन 7 मैचों में जिस टीम ने मेजबानी की उसी को जीत मिली। इसके अलावा अभी तक कोई भी टीम ऑलआउट नहीं हुई और सिर्फ तीन बार 200 प्लस का स्कोर बना।

दरअसल, आईपीएल 2024 (कढछ 2024) के शुरुआती 7 मैचों में ही छक्कों की संख्या 100 पार हो गई है। पिछली बार पहले 7 मैचों तक 121 छक्के लग चुके थे और वह सीजन सबसे ज्यादा सिक्स जड़ने वाला सीजन बन गया था। आईपीएल 2024 के शुरुआती सभी 7 मैचों में अब तक चेन्नई सुपर किंग्स ने पावरप्ले में सर्वाधिक 175 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की, जबकि लखनऊसुपर जायंट्स ने पावरप्ले में 106 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की है, जो कि टूर्नामेंट में सबसे धीमा स्ट्राइक रेट से है।



आईपीएल के 17वें सीजन में अभी तक 7 मुकाबले खेले जा चुके है, जिसमें अभी तक सिर्फ 3 बार ही 200 प्लस का स्कोर बना। केकेआर बनाम सनराइजर्स हैदराबाद के मुकाबले के अलावा सीएसके ने गुजरात के खिलाफ ये काम किया। हालांकि, सिर्फ एक पारी के अलावा हर पारी में 160 का आकंड़ा पार हुआ। अभी तक खेले गए 7 मैचों में कोई भी टीम ऑलआउट नहीं हुई। आईपीएल 2024 में अब तक खेले गए 7 मैचों में से 4 मैच पहले बैटिंग और 3 मैच चेज करने वाली टीम ने जीते। टॉस अभी तक मैचों में अहम भूमिका निभाते हुए नजर नहीं आया। टॉस जीतने वाली टीम ने 3 मैच जीते और 4 मैच हारे।

**कोहली के सिर सजी ऑरेंज कैप, मुस्तफिजुर के पास पर्पल कैप**

चेन्नई टीम के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान पहले मैच में 6 विकेट लेकर पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे है। वहीं, विराट कोहली के सिर ऑरेंज कैप सजी हुई है, जिन्होंने अभी तक खेले गए आईपीएल 2024 के दो मैचों में 98 रन बना लिए हैं।

सैम करन दो पारियों में 86 रन बनाकर दूसरे नंबर पर है।

# जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर निवेदिता मेनन की भूमिका निभाएंगी रश्मि देसाई



एक्?ट्रेस रश्मि देसाई अपकमिंग फिल्?म जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में लेखिका और प्रोफेसर निवेदिता मेनन की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

एक्?ट्रेस ने कहा, सबसे पहले मुझे स्क्रीन पर देखने का इंतजार करने के लिए मेरे प्रशंसकों को बहुत–बहुत धन्यवाद। जिस तरह की मैं भूमिका निभाना चाहती थी, उसके लिए थोड़ा ब्रेक लेना सही निर्णय था। मैंने अपने किरदार के लिए बहुत मेहनत की है।

उन्?होंने आगे कहा, मेरे इस किरदार से बहुत से लोगों की उम्?मीदें जुड़ी हुई है, और इस चीज का ध्?यान रखना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। एक कलाकार के तौर पर चरित्र में गहराई से उतरने के लिए मैंने कड़ी मेहनत की है।

## रकुल प्रीत सिंह ने स्टायलिश आउटफिट पहन गिराई बिजली, कैमरे के सामने दिए किलर पोज

हाल ही में जैकी भगनानी के साथ शादी के बंधन में बंधी रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर काफी छाई हुई हैं. वह अक्सर अपनी खूबसूरत तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उनका नया सिंपल लेकिन स्टाइलिश अंदाज देखने को मिल रहा है. इन तस्वीरों में रकुल प्रीत सिंह ब्लैक एंड व्हाइट कलर के स्टाइलिश आउटफिट में नजर आ रही हैं. उनके बाल खुले हुए हैं और उन्होंने लाइट मेकअप किया हुआ है. तस्वीरों में रकुल काफी रिलैक्स मूड में नजर आ रही हैं और उनका आत्मविश्वास साफ़ झलक रहा है.

# सचिन तेंदुलकर ने रोहित शर्मा को दिया ये शानदार उपहार

नई दिल्ली। रोहित शर्मा के लिए बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2024 का आठवां मुकाबला बेहद खास बना। रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के लिए 200वां मैच खेलने उतरे।

'हिटमैन' मुंबई इंडियंस के लिए 200 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने। फ्रेंचाइजी ने भी इस मौके को बेहद खास बनाया।

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने मैच से पहले रोहित शर्मा को 200वें मैच पर एक जर्सी गिफ्ट की। सचिन तेंदुलकर ने टीम हडल में बेहद जोशील अंदाज में रोहित शर्मा को प्रोत्साहित किया और उन्हें जर्सी भेंट की। मास्टर ब्लास्टर ने रोहित



शर्मा को शानदार करियर के लिए शुभकामनाएं दी। इसके बाद रोहित शर्मा ने जर्सी लेकर दिल जीत लेने वाला रिएक्शन दिया।

रोहित शर्मा ने मुस्कुराते हुए तेंदुलकर से जर्सी ली और इस मौके को विशेष बनाने के लिए पूरी टीम को धन्यवाद दिया। रोहित शर्मा और सचिन तेंदुलकर ने इसके बाद जर्सी के साथ फोटो खिंचवाई। सचिन तेंदुलकर और रोहित शर्मा के साथ मुंबई इंडियंस का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है।


रोहित शर्मा की अनोखी उपलब्धि

रोहित शर्मा आईपीएल में किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए 200 मैच खेलने वाले तीसरे खिलाड़ी बने। इससे पहले विराट कोहली और एमएस धोनी ही यह आंकड़ा पार कर सके हैं। रोहित शर्मा ने आईपीएल के 14 विभिन्न संस्करणों में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया। वो मुंबई इंडियंस के लिए यह उपलब्धि हासिल करने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं।

ऐसे मुंबई ने रोहित को जोड़ा


# मतदान तक सिमटा मलाणा गांव, सड़क व स्वास्थ्य सुविधा को तरसे ग्रामीण

● राज्य गठन के दशकों बाद भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है मलाणा गांव ● सड़क व स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में पलायन को मजबूर ग्रामीण


जयहरीखाल ब्लॉक के अंतर्गत मलाणा गांव जो आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है।


वर्तमान में हमारे गांव में 27 मतदाता हैं। हम हर चुनाव में अपने मत का प्रयोग करते हैं। लेकिन, लगता है मानों हम केवल मतदाता ही बनकर रह गए हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य, शिक्षा व सड़क सुविधा के अभाव में पलायन को मजबूर हो रहे हैं। जबकि, ग्रामीण कई बार शासन-प्रशासन को अपनी समस्याओं से भी अवगत करवा चुके हैं।

**....दिगंबर जुयाल, ग्रामीण**


देश में भले ही आज आधुनिकता की बात हो रही हो। लेकिन, ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं। स्थिति यह है कि गांव का नजदीकी प्राथमिक विद्यालय भी चार किलोमीटर की पैदल दूरी पर घेरुवा में है। स्वास्थ्य सुविधाओं की बात करें तो ग्रामीणों को दस किलोमीटर दूर दुधारखाल की दौड़ लगानी पड़ती है।

**...राहुल जुयाल, ग्रामीण**


यह गांव का दुर्भाग्य ही रहा है कि चुनाव जीतने के बाद आज तक कोई भी नेता हमारे गांव हमारी समस्या सुनने तक नहीं पहुंचा। गांव में कोई बीमार होता है तो उसे चार किलोमीटर दूर पालकी के सहारे मुख्य मार्ग तक लेकर जाना पड़ता है। समय से उपचार नहीं मिलने के कारण पूर्व में कई ग्रामीण दम भी तोड़ चुके हैं। सरकार को ग्रामीणों की समस्या को लेकर गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

**..हरीश चंद्र जुयाल, ग्रामीण**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : इसे दुर्भाग्य कहें या शासन-प्रशासन की लापरवाही, जो आज भी जहरीखाल ब्लॉक के अंतर्गत मलाणा गांव के ग्रामीण स्वास्थ्य व सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं। आधुनिकता के इस युग में आज भी ग्रामीण मरीज को पालकी के सहारे मुख्य मार्ग तक लेकर आते हैं। ग्रामीण नेताओं के लिए केवल वोटर तक ही सिमटकर रह गए। गांव के लिए स्वीकृत 3.5 किलोमीटर की सड़क भी सरकारी दफ्तरों में अटकी हुई है। जबकि, पूर्व में सड़क का शिलान्यस स्वयं लोक निर्माण मंत्री ने किया था। सुविधाओं के अभाव में गांव से लगातार पलायन का दौर जारी है।

शासन ने 20 मई 2021 को 3.5 किलोमीटर लंबे घेरुवा से गुजरखंड मालाणा मोटर मार्ग को प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम चरण के कार्यो के लिए 21.43 लाख की धनराशि स्वीकृत कर दी। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद लोक निर्माण मंत्री ने सड़क का शिलान्यास कर दिया। सड़क शिलान्यास हुए एक वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। लेकिन, आज तक निर्माण कार्य धरातल पर नहीं उतरा। सड़क निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण की फाइल सरकारी दफ्तरों में कछुआ चाल से गुजर रही है। नतीजा आज भी ग्रामीणों को मुख्य मार्ग घेरुवा से गांव तक पहुंचने के लिए चार किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है।

# बांघाट में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा


सतपुली पुलिस के हत्थे चढ़ा चोर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सतपुली बाजार के अंतर्गत बांघाट रोड स्थित एक दुकान में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

उपनिरीक्षक मनोज रावत ने बताया कि घटना के संबंध में ओडलसैण गांव निवासी दुकान स्वामी मनोज सिंह की ओर से तहरीर दी गई थी।

बताया कि एक दिन पूर्व रात के अंधेरे में अज्ञात बदमाश ने उनकी दुकान का ताला तोड़ गल्ले में रखे दस हजार रुपये चोरी कर लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

बताया कि गुरुवार को पुलिस ने मामले में ग्राम बड़ेथ निवासी मनीष नेगी को गिरफ्तार किया है।

# सरकारी विद्यालयों में करवाएं बच्चों का प्रवेश



भाबर क्षेत्र स्थित राजकीय इण्टर कालेज जयदेवपुर सिगड्डी में जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र स्थित राजकीय इण्टर कालेज जयदेवपुर सिगड्डी के अध्यापकों और छात्रों ने अभिभावकों से अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने की अपील की है।

इस संबंध में विद्यालय में सरकारी स्कूलों के प्रति अभिभावकों के घटते रुझान के प्रति अध्यापकों और छात्रों की आयोजित गोष्ठी में प्रधानाचार्य शोबेन्द्र जोशी ने कहा कि आज प्रत्येक सरकारी स्कूल में योग्य अध्यापक और सस्ती शिक्षा होने के बावजूद अभिभावकों का रुझान पब्लिक स्कूलों की महंगी शिक्षा की ओर है। पब्लिक स्कूल हर वर्ष अपने विद्यालय की फीस में बढ़ोतरी कर रहे हैं और अभिभावकों पर ड्रेस, किताबें आदि उनकी ही बताई गयी दुकान से खरीदनें का दबाव बना रहे हैं। वहीं सरकारी स्कूलों की गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर कोई अभिभावक रूचि ही नहीं ले रहा है, जो चिंताजनक है। तत्पश्चात अध्यापकों और छात्रों ने शिक्षक राजीव शर्मा के नेतृत्व में रैली निकालते हुए जयदेवपुर, लोकमणिपुर और मंदेवपुर आदि गांवों में अभिभावकों से अपने पाल्यों का सरकारी स्कूलों में प्रवेश कराने हेतु अपील की।

## मेडिकल कैंप के नाम पर ठगी, पुलिस ने वापस दिलवाई रकम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार क्षेत्र में मेडिकल कैंप के नाम पर एक महिला से ठगी गई दो लाख 34.999 की रकम पुलिस ने वापस दिलवा दी है। इस दौरान पुलिस ने अन्य लोगों को भी साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया।

कोटद्वार निवासी मालती की ओर से इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि कुछ दिन पूर्व एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें फोन पर कोटद्वार में मेडिकल कैंप लगवाने की बात कही थी। व्यक्ति ने इस एवज में उनसे दो लाख 34.999 की रकम ली।

इसके बाद उसने अपना मोबाइल बंद कर दिया। पुलिस ने बताया कि ठगी की रकम वापस दिलवाने के लिए साइबर पुलिस की विशेष टीम गठित की गई थी। बैंक से संपर्क कर ठगी की रकम वापस दिलवाई गई। कहा कि पुलिस साइबर अपराध के प्रति लगातार आमजन को जागरूक कर रही है। किसी भी अंजान व्यक्ति को अपने बैंक से संबंधित सूचना न दें।

# विद्यालय के अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित


आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के पदमपुर मोटाढ़ाक स्थित रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्यामन्दिर इंटर कालेज में बुधवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित करने के बाद पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अमित अग्रवाल, सह प्रबन्धक प्रकाश देवरानी, महेश चंद पांडेय एवं प्रधानाचार्य कुंजबिहारी भट्ट द्वारा सामूहिक रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।तत्पश्चात परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें नर्सरी में सानवी ने पहला, रौनक ने दूसरा और पार्थ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एलकेजी में नमन पहले, आदित्य दूसरे और अंशिका तीसरे स्थान पर रही। यूकेजी में शिवांश पहले, आशीष एवं दिविशा दूसरे और आराध्या तीसरे स्थान पर रही। प्रथम कक्षा में आरुष पहले, अभिषेक दूसरे और मानस तीसरे स्थान पर रहे। द्वितीय कक्षा में आयुष नेगी पहले, अंशव दूसरे और अन्वेषा तीसरे स्थान पर रही। तृतीय कक्षा में हर्षित पहले, ओम बुडाकोटी दूसरे और रोहन तीसरे स्थान पर रहे। चतुर्थ कक्षा में उत्कर्ष ने पहला, प्रिया ने दूसरा और अभिनव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पंचम कक्षा में अमन पहले, समीक्षा दूसरे और कृष्ण प्रकाश तीसरे स्थान पर रहे। छठी कक्षा में सोनिया पहले, मानवी दूसरे और अनुज तीसरे स्थान पर रहे। सातवीं कक्षा में हेमन्त पहले, शिवम नेगी दूसरे और सुहाना तीसरे स्थान पर रही। आठवीं कक्षा में महक जोशी पहले, राधिका दूसरे और श्रेया तीसरे स्थान पर रही। नवीं कक्षा में कृष चन्द्र पहले, ऋषभ दूसरे और नवीन तीसरे स्थान पर रहे। ग्यारहवीं कक्षा में वैदेही पहले, दिव्यांशी दूसरे और प्रिया रावत तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर अभिभावकों सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# होली के बाद मैदानी क्षेत्रों को बढ़े यात्री, चलाई अतिरिक्त बसें

● होली संपन्न होने के बाद बड़ी संख्या में मैदान को लौट रहे प्रवासी ● दिल्ली, देहरादून, गुरुग्राम सहित अन्य रूटों पर बढ़ा वाहनों का दबाव


होली त्योहार संपन्न होने के बाद कोटद्वार बस अड्डे में बस का इंतजार करते यात्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कुछ दिन पूर्व होली मनाने अपने गांव पहुंचे प्रवासियों का वापस मैदान को लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। नतीजा कोटद्वार बस अड्डे पर वाहनों में पहले सीट पाने के लिए यात्रियों में मारामारी देखने को मिल रही है।

दिल्ली, देहरादून सहित अन्य रूटों पर परिवहन निगम की ओर से अतिरिक्त बसें संचालित की जा रही हैं। वहीं, पहाड़ से आने वाले वाहन भी यात्रियों से खचाखच भरे हुए हैं।

दिल्ली, गुरुग्राम, देहरादून सहित अन्य मैदानी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रवासी गांव होली मनाने आए हुए थे। ऐसे में अब इन प्रवासियों के वापस लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है।

सुबह से ही कोटद्वार बस अड्डे में यात्रियों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। पहाड़ से कोटद्वार आने वाले सभी वाहन यात्रियों से खचाखच भरे हुए थे। इसके बाद कोटद्वार से मैदान जाने की ओर जाने के लिए यात्रियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बस अड्डे में पहुंचते ही बसें यात्रियों से फुल हो जा रही थी। यही हाल हरिद्वार व देहरादून रूट पर संचालित होने वाले मैक्स वाहनों का भी बना हुआ था। सबसे अधिक परेशान परिवार के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को उठानी पड़ी। कई परिवारों को मजबूरन निजी वाहन बुक कर आवाजाही करनी पड़ी। अचानक बढ़ी यात्रियों की संख्या को देखते हुए परिवहन निगम को रूट पर बसों की संख्या बढ़ानी पड़ी। दिल्ली व देहरादून रूट पर हर घंटे में बसों का संचालन किया जा रहा था।

## हाथी के हमले से बचने के प्रयास में व्यक्ति घायल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रखंड दुगड्डा क्षेत्र के लैंसडौन वन प्रभाग में एक व्यक्ति हाथी के हमले से बचने के प्रयास में घायल हो गया। घायल का राजकीय बेस हास्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

दुगड्डा निवासी महिमा नंद उम्र 60 वर्ष पुत्र रेवत राम बुधवार को सुबह नजदीकी जंगल में लकड़ी बीनने के लिए जा रहा था, तभी उसे रास्ते में हाथी दिख गया, जिससे वह घबराकर नीचे खाई की तरफ गिर गया, जिससे वह घायल हो गया।

स्वजन उसे राजकीय बेस हास्पिटल लाए, जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया। चिकित्सकों ने बताया कि महिमा नंद के माथे पर नाक पर चोट लगी है।

# गढ़वाल लोकसभा सीट के लिए 13 प्रत्याशियों ने कराया नामांकन


गढ़वाल लोकसभा सीट के लिए नामांकन कराते हुए कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गढ़वाल लोकसभा सीट के लिए बुधवार को 05 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन की अंतिम तिथि 27 मार्च तक कुल 13 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन कराया गया है।

गढ़वाल लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु चल रही नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन बुधवार को कांग्रेस से गणेश गोदियाल, बहुजन मुक्ति पार्टी से श्याम लाल, बहुजन समाज पार्टी से धीर सिंह सहित दीपेंद्र नेगी व मुकेश प्रकाश द्वारा निर्दलीय नामाकंन पत्र दाखिल किया गया। रिटर्निंग अधिकारी/जिलाधिकारी पौड़ी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि अभी तक 13 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। कहा कि 28 मार्च को नामाकंन पत्रों की जांच होगी, जबकि 30 मार्च को नाम वापसी होगी।

# प्रेक्षक समारिया ने किया बूथ का निरीक्षण



प्रेक्षक पियूष समारिया ने बूथ संख्या-129 राजकीय इण्टर कालेज खिर्सू का निरीक्षण करते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गढ़वाल लोकसभा संसदीय क्षेत्र हेतु तैनात प्रेक्षक पियूष समारिया ने जनपद पौड़ी के विकासखण्ड खिर्सू के अन्तर्गत बूथ संख्या-129 राजकीय इण्टर कालेज खिर्सू का निरीक्षण किया।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गढ़वाल लोकसभा संसदीय क्षेत्र हेतु तैनात प्रेक्षक पियूष समारिया द्वारा जनपद पौड़ी के विकासखण्ड खिर्सू के अन्तर्गत बूथ संख्या-129 राजकीय इण्टर कालेज खिर्सू का निरीक्षण कर मूलभूत व मानकानुसार आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया।

प्रेक्षक द्वारा बूथ पर विद्युत, पेयजल, शौचालय व रैम्प इत्यादि मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किये जाने पर सभी आवश्यक सुविधाएं दुरुस्थ पायी गयी। उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर्स से कहा कि बूथ पर पादर्शी व निष्पक्ष मतदान हो इस हेतु निर्वाचन सम्बंधी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर बीएलओ बीना देवी, लाईजन ऑफिसर अरविंद मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## चमोली में सौ साल की आयु पूर्ण कर चुके 20 मतदाता करेंगे मतदान

### थराली विधानसभा में 9, कर्णप्रयाग में 8 और बदरीनाथ में 3 मतदाता कर चुके सौ वर्ष की आयु पूर्ण

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : चमोली जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिये 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में जनपद चमोली के बदरीनाथ, कर्णप्रयाग और थराली विधानसभाओं में कुल 299777 मतदाता पंजीकृत है। वहीं इस बार जनपद में सौ साल की आयु पूर्ण कर चुके 20 मतदाता भी शामिल हैं। चमोली की कर्णप्रयाग विधानसभा में सर्वाधिक सौ वर्ष पूर्ण कर चुके मतदाता निवासरत हैं।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जनपद की तीनों विधानसभाओं में वर्तमान में 2 लाख 99 हजार सात सौ 77 मतदाता पंजीकृत हैं। जिसमें पुरुष 1 लाख 52 हजार 866, महिला 1 लाख 46 हजार 910 तथा 2 थर्ड जेंडर शामिल हैं। इसके साथ ही 10 हजार 372 सर्विस मतदाता है। इस वर्ष पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान चमोली में 18-19 आयु वर्ग के 6 हजार 335 मतदाताओं का पंजीकरण किया गया है। जनपद में 3 हजार 167 दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 2 हजार 282 मतदाता है। सबसे अधिक 1 हजार 136 दिव्यांग मतदाता थराली विधानसभा में पंजीकृत हैं। जबकि जिले में कुल पंजीकृत मतदाताओं में से 20 मतदाता सौ वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं। जिसमें 12 महिलाएं और 8 पुरुष शामिल हैं। इनमें से 3 बदरीनाथ, 9 थराली, और 8 कर्णप्रयाग विधानसभा में निवासरत हैं। निर्वाचन कार्यालय की ओर से इस वर्ष दिव्यांग और 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाताओं के लिए सक्षम अभियान के तहत मतदान की विशेष व्यवस्था की गई हैं।

## गढ़वाल विवि में व्याख्यानमाला शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के डा. आंबेडकर उत्कृष्टता केन्द्र (डीएसीई) द्वारा भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था एक साप्ताहिक व्याख्यानमाला का शुभारंभ हुआ। वर्चुअल माध्यम से आयोजित व्याख्यानमाला में एक सप्ताह तक भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था के बारे में विस्तृत चर्चा परिचर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ डॉ. दिनेश कुमार गहलोत ने भारतीय संविधान निर्माण में संविधान सभा के योगदान तथा संविधान सभा के सदस्यों के बारे में अनेक रोचक एवं विस्तृत जानकारियां दीं।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम भूलवश श्रीशा नेगी गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम प्रांजल नेगी है। अतः मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण में उसका सही व वास्तविक नाम प्रांजल नेगी अंकित कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

**मुकेश सिंह पुत्र तुलसी सिंह निवासी दुर्गापुर, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1707/21)


## मूल्यांकन कार्य शुरू

कोटद्वार : राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ हो गया है। मूल्यांकन कार्य दस अप्रैल तक चलेगा। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य रवींद्र सिंह रावत ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं संपन्न होने के मूल्यांकन कार्य शुरू हो गया है। इसके लिए शिक्षकों की अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**नं. 74-W/2/3/WA/Publication** **दिनांक : 27.03.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 305-DRM-MB-23-24 Date - 26.03.2024 | 317-DRM-MB-23-24 Date -26.03.2024 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Housekeeping and maintenance of officer's rest house at Dehradun, Haridwar, Rishikesh and Roorkee under Sr.DEN-I/MB. | Widening of Bridge no. 39 from existing Arch Bridge of 4' width to RCC Box of 3m x 2.5m or as per final design by cut and cover method and construction of bypass spillover RCC drain of approximate dimension 2.5m x 1.0m x 200m. In the section of SSE/W/HW Under ADEN/HW |
| निविदा प्रकार | सर्विस | कार्य |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 11.04.2024 16:00 Hrs | 23.04.2024 16:00 Hrs |
| अनुमानित लागत | 1,24,30,531.76 | 2,33,82,828.04 |
| धरोहर राशि | 2,12,200.00 | 2,66,900.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत | 5000.00 | Nil |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 28.03.2024 | 09.04.2024 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | 08 माह |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 927/24

# स्वयं सहायता समूहों ने गांवों और नगरों में चलाया जागरूकता अभियान

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिये आगामी 19 अप्रैल में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप की ओर से चमोली जनपद में स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसके तहत बुधवार को स्वीप की ओर से स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से जागरूकता अभियान संचालित करने के साथ ही मतदाता जागरूकता के लिए सार्वजनिक स्थलों पर बोर्ड लगाए गए।

स्वीप के तहत बुधवार को निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनपद चमोली के थराली, कर्णप्रयाग, गौचर, पोखरी, नन्दप्रयाग, गोपेश्वर, पीपलकोटी और जोशीमठ में नन्दा देवी, अर्पिता, माँ बधाणगढ़ी, गौरा देवी, भुवनेश्वरी, उमंग, वैष्णवी स्वयं सहायता समूहों की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।




इस दौरान समूह के सदस्यों ने मतदाताओं को मतदाता शपथ भी दिलाई। इसके साथ ही स्वीप टीम की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिये बदरीनाथ हाईवे के साथ ही ग्रामीण संपर्क मार्गों, सरकारी भवनों व सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता संबंधी बोर्ड लगाकर जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की ओर से संचालित दिव्यांग जागरूकता रथ के माध्यम से हनुमान चट्टी, पांडुकेश्वर, गोविंदघाट, जोशीमठ, सेलंग, पैनी, हेलंग, लँगसी, पाखी क्षेत्रों में मतदाताओं को सक्षम अभियान की जानकारी दी गई। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद सती, सुंदर सिंह राणा, प्रबोध डिमरी आदि मौजूद थे।

### चुनाव में समितियां जिम्मेदारी से कार्य करें

टिहरी : चुनावी तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित की मौजूदगी में विभिन्न समितियों की बैठक संपन्न हुई। चुनाव में सभी समितियों को जिम्मेदारी से कार्य करने की हिदायत दी गई। समितियों से अपडेटेड रिपोर्ट भी मांगी गई। बुधवार को जिला सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्विघ्न लोकसभा चुनाव संपन्न करवाने को जिला अनुश्रवण समिति, स्वीप समिति, मीडिया मानिटरिंग एण्ड सर्टिफिकेशन समिति, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण समिति, केश रिलीज समिति, लीकर मानिटरिंग समिति और पोस्टल बैलेट समितियों के सदस्यों की बैठक लेकर अद्यतन रिपोर्ट तलब की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप समिति के सदस्यों को अगले 10 दिन में स्वीप गतिविधियों को बढ़ाते हुए प्रतिदिन की रिपोर्ट फोटोग्राफ्स सहित शेयर करने के निर्देश दिये। साथ ही प्रिंटिंग प्रेस के माध्यम से जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए शादी के कार्ड आदि पर मतदाता जागरूकता के लिए मतदान की अपील करवाने को कहा। (एजेंसी)

# कैशलेस ट्रीटमेंट के लिए सीएमओ को सौंपी नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी

टिहरी : जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दौरान मतदान ड्यूटी में तैनात मतदान कार्मिकों व सुरक्षा कार्मिकों को कैशलेस मेडिकल ट्रीटमेंट की सुविधा प्रदान किये जाने को सीएमओ डॉ. मनु जैन को नोडल अधिकारी नामित किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित ने सीएमओ डॉ. मनु जैन को मतदान ड्यूटी में तैनात मतदान कार्मिकों व सुरक्षा कार्मिकों को कैशलेश मेडिकल ट्रीटमेंट की सुविधा प्रदान किए जाने को नोडल अधिकारी नामित करते हुए निर्देश देते हुए जनपद के समस्त राजकीय या इन्पैनल्ड अस्पतालों की मैपिंग करते हुए मतदान ड्यूटी में तैनात कार्मिकों को जरूरत के अनुरूप चिकित्सकीय सुविधा बिना किसी विलम्ब के प्राथमिकता के आधार पर कैशलैस तरीके से सुनिश्चित करवाने को कहा। लोक सभा सामान्य निर्वाचन में तैनात ऐसे कार्मिक जिनके पास चिकित्सा सुविधा को कोई कार्ड (गोल्डन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सीजीएचएस, ईसीएचएस) न हो। उनको निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण-पत्र के आधार पर निर्वाचन कार्य सम्पादित कराये जाने के दौरान घातक चोट या बीमारी की स्थिति में प्राथमिकता के आधार पर बिना किसी विलम्ब के समीपवर्ती राजकीय चिकित्सालय या इन्पैनल्ड अस्तपाल या स्पेशिलिटी अस्तपाल में उपचार प्रदान किया जायेगा।

कैशलेश ट्रीटमेंट की सुविधा पर होने वाले व्यय का भुगतान नियमानुसार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग नियमानुसार करेगा। (एजेंसी)

## अंतरराष्ट्रीय योग स्पर्धा के लिए आरती चयनित

नई टिहरी : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग की योगछात्रा आरती का चयन सिंगापुर में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं की स्पर्धा में आरती ने पांचवी रैंक हासिल की है। हिमाचल प्रदेश निवासी आरती श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में एमएससी योग की छात्रा है। वह 11वीं कक्षा से ही योग का अभ्यास करती आ रही हैं। योग में करियर बनाने को परिश्रम कर रही आरती ने पश्चिम बंगाल के हुगली में आयोजित स्पोर्ट्स सीनियर नेशनल योगा चैंपियनशिप में 48वीं और भारत नेशनल चैंपियनशिप के 18-21 आयु वर्ग (बालिका) में पांचवां स्थान प्राप्त किया। इस स्पर्धा में देश की अनेक योग संस्थाओं ने भाग लिया था, जिसमें 6 बालिकाओं ने ही क्वालीफाई किया।



## सबसे पहले युवाओं को रोजगार देंगे: वीरेंद्र रावत

हरिद्वार। कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत ने कहा कि सरकार बनते ही इंडिया गठबंधन देश में युवाओं को रोजगार देगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए महंगाई कम की जाएगी। उन्होंने हरिद्वार से अपनी और राज्य में कांग्रेस की बड़ी जीत का दावा किया। यह दावा उन्होंने नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कही। कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत ने कलक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। उसके साथ भगवानपुर विधायक ममता राकेश, कलियर विधायक फुरकान अहमद, पूर्व महानगर अध्यक्ष ओपी चौहान, मनीष कर्णवाल, निर्दीश ममगई समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे। इससे पहले वीरेंद्र रावत ने परिवार के साथ हरकी पैड़ी पर गंगा पूजन किया।

## कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा ने कराया नामांकन



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा पिथौरागढ़ संसदीय सीट से नामांकन के अंतिम दिन पांच प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। नामांकन के अंतिम दिन बुधवार को कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा, बहुजन मुक्ति पार्टी से ज्योति प्रकाश टम्टा, बहुजन समाज पार्टी से नारायण राम, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी से किरन आर्या तथा उत्तराखंड क्रांति दल के प्रत्याशी अर्जुन कुमार देव ने नामांकन कराया। बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया पूरी कराई। नामांकन के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा के साथ प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी और धारचूला विधायक हरीश धामी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल रहे।

# भाजपा ने जगह—जगह राजनीतिक सुपारी किलर खड़े किए: हरीश रावत



हरिद्वार। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने आरोप लगाया कि भाजपा ने जगह–जगह राजनीतिक सुपारी किलर खड़े किए हैं। कहा कि जिस तरह से बिहार में ओवैसी की पार्टी ने वोट काटकर तेजस्वी यादव को नुकसान पहुंचाया था और तेजस्वी सरकार बनाते–बनाते रह गए थे। उसी तरह का प्रयोग भाजपा उत्तराखंड में भी करने की कोशिश कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने आरोप लगाया कि भाजपा ने जगह–जगह राजनीतिक सुपारी किलर उतारे हैं। भाजपा ने कई राजनीतिक सुपारी किलर खड़े कर रखे हैं जो धनबल के जरिए कांग्रेस के वोट काटकर कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने की साजिश में लगे हुए हैं। जनता ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें नकारेगी।

# ट्रेजरी डाटा सेंटर की आईएफएमएस साइट बंद, विभागों के बिल अटके

देहरादून। ट्रेजरी डाटा सेंटर की आईएफएमएस साइट बंद हो गई है। इससे विभागों के ट्रेजरी में बिल अटक गए हैं।

बुधवार को फेडरेशन ऑफ मिनीस्टीरियल सर्विसेस उत्तराखंड ने सचिव वित्त से मिल कर इस पर सख्त नाराजगी जताई। इससे पेश आ रही दिक्कतों से उन्हें अवगत कराया। सचिव वित्त ने तत्काल इस समस्या को दूर किए जाने के निर्देश दिए।फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को सचिव वित्त दिलीप जावलकर से मुलाकात की। अध्यक्ष पूर्णानंद नौटियाल और महामंत्री मुकेश बहुगुणा ने बताया कि 31 मार्च को वित्तीय वर्ष समाप्त होने जा रहा है। इस बीच विभागों के बिल तेजी से निस्तारण किए जाने हैं। इसके बावजूद ट्रेजरी डाटा सेंटर से 20 मार्च से ही आईएफएमएस साइट को बंद कर दिया गया है।

इससे विभागों के बिल मंजूर नहीं हो पा रहे हैं। राज्य के बड़ी संख्या में स्कूलों, ऑफिसों के बिल भुगतान को रह गए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने सचिव वित्त को इन सभी समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में ट्रेनिग के कारण कर्मचारी तय समय से बिल नहीं बना पाए हैं। बिल न जमा होने से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। अब आगे इसी सप्ताह में 29 से 31 मार्च तक सार्वजनिक अवकाश है। ऐसे में तत्काल साइट को खोला जाए। ताकि कर्मचारियों को अनावश्यक दिक्कत न पेश आए। सचिव वित्त की ओर से जल्द समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

### कर्मचारियों के भी मेडिकल, टीए के बिल अटके

फेडरेशन ने कर्मचारियों के मेडिकल, टीए के बिल भी अटकने पर नाराजगी जताई। महामंत्री मुकेश बहुगुणा ने बताया कि आईएफएमएस साइट बंद होने से कर्मचारियों के मेडिकल, टीए के बिल भी लटक गए हैं। इससे कर्मचारी बहुत परेशान हो रहे हैं। ये पहला मौका है जब आईएफएमएस साइट बंद की गई है।

### मसूरी में विधानसभा में कांग्रेसी घर–घर बांटेंगे पर्चे

देहरादून। मसूरी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी पार्टी प्रत्याशी गुनसोला की ओर से जारी अपील के पर्चे घर–घर जाकर बांटेंगे। पुरकुल में बुधवार को गोदावरी थापली की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें चुनावी रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए गोदावरी थापली ने कहा कि पार्टी प्रत्याशी के नामांकन के बाद यह पहली बैठक की। उन्होंने नामांकन में मसूरी विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेसियों के पहुंचने पर आभार जताया। कहा कि अब पार्टी और प्रत्याशी गुनसोला की बात को घर–घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी पार्टी कार्यकर्ताओं की है। बैठक में कार्यकर्ताओं ने भी अपनी बात रखी और कहा कि इसी तरह की बैठक इलाके के हर गांव और वार्ड में करने के साथ घर–घर जनसंपर्क का अभियान चलाया जाएगा। बैठक में देवी सिंह, उपेन्द्र सिंह थापली, कुशलपाल, संदीप, हरीश थापली, सतीश, राकेश, रूपेश, महेन्द्र थापली, नरेश त्यागी, सुमित, पुष्पेंद्र, कविता, पुष्पा, रीना, प्रिय, उषा, उमा, सलोचना, शशि, सुषमा, रीता, कमला, गीता, रेणू समेत अन्य मौजूद रहे।

# अल्मोड़ा पुलिस इवनिंग स्टॉर्म अभियान के तहत 904 पर हुई चालानी कार्यवाही

अल्मोड़ा। एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा चलाये गये इवनिंग स्टॉर्म 2.0 अभियान के तहत विगत 10 दिनों में अल्मोड़ा पुलिस द्वारा 904 लोगों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई तथा 08 वाहन सीज किए गए। एसएसपी देवेन्द्र पींचा द्वारा सभी पुलिस प्रभारियों को इवनिंग स्टॉर्म 2.0 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने, उपद्रव, छेड़खानी, अराजकता करने वाले खतरनाक तरीके से वाहन चलाने, यातायात नियमों की उल्लंघन करने तथा सार्वजनिक स्थानों, होटल ढाबों में शराब पीने, पिलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने को निर्देशित किया है। प्राप्त निर्देशों पर जनपद पुलिस ने विगत 10 दिनों में इवनिंग स्टॉर्म 2.0 के तहत अभियान चलाया गया। इस दौरान होटल ढाबों में शराब पीने, पिलाने व न्यूसेन्स फैलाने वाले



224 लोगों के विरुद्ध उत्तराखंड पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की गई तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 671 लोगों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम व 09 व्यक्ति के विरुद्ध कोटपा अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की गई ।

### नेहरु कॉलोनी परशुराम चौक में भूमि पूजन 10 को

देहरादून। अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर 21 अप्रैल को भगवान परशुराम चौक नेहरु कॉलोनी में 2081 दीपों का प्रज्जवलन करेगा। साथ ही उक्त चौक पर भूमि पूजन कर 10 मई को भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण जन सेवा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने आचार्य शशिकांत दुबे व पंडित लवमोहन शर्मा के साथ बुधवार को नेहरू कालोनी चौक का निरीक्षण किया। फव्वारा पार्क पर प्रतिमा लगाने के स्थान को चिन्हित किया गया। 21 अप्रैल को भूमि पूजन के साथ प्रतिमा स्थापित करने के लिए चबूतरे का निर्माण आरम्भ होगा। प्रतिमा लोकार्पण पर भण्डारे का भी आयोजन होगा। समिति के प्रतिनिधिमण्डल मे समिति संरक्षक लालचंद शर्मा, पवन शर्मा, केन्द्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष विजय जोशी, प्रदेश महामंत्री डॉ. अजय वशिष्ठ, जिला देहरादून अध्यक्ष अनुराग गौड़, एसके शर्मा, पं.लवमोहन शर्मा, आचार्य शशिकांत दुबे, रामगोपाल शर्मा, कल्याण चक्रवर्ती आदि उपस्थित रहे।

### 8 हजार से अधिक लोगों ने ली ई-शपथ

रुद्रप्रयाग : सीडीओ जीएस खाती ने बताया कि जनपद में जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा निर्देशन में ई-शपथ की अभिनव पहल की गई है। अब तक जिले में 8 हजार से अधिक अधिकारी, कर्मचारी एवं जनता ने ई-शपथ ले ली है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप के तहत अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। स्वीप द्वारा इसके लिए एक लिंक के जरिए अधिक से अधिक लोगों को ई-शपथ दिलाई जा रही है। चिकित्सालय में मरीजों को दी जाने वाली पर्ची और आंचल दूध की थैली पर भी मतदाता जागरूकता का प्रचार देखने को मिल रहा है। (एजेंसी)

### 3.9 लाख की स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

नई टिहरी : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नशे को रोकने के लिए चलाये जा रहे सघन चैकिंग अभियान के दौरान मुनिकीरेती पुलिस ने 3.9 लाख लागत की 13 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को तराजू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। चैकिंग अभियान के दौरान मुनिकीरेती पुलिस ने आरोपी 20 वर्षीय विशाल पुत्र लक्ष्मण राजभर निवासी चन्द्रेश्वर नगर चन्द्रभागा थाना ऋषिकेश को जंगलात पुलिया से गिरफ्तार किया गया। आरोपी विशाल के कब्जे से कुल 13 ग्राम स्मैक, एक इलैक्ट्रानिक तराजू और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### दिल्ली महारैली में शामिल होंगे आप उत्तराखंड के नेता

देहरादून। आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एसएस कलेर ने कहा है कि इंडिया गठबंधन की ओर से 31 मार्च को दिल्ली में आयोजित महारैली में आप उत्तराखंड के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। बुधवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में कलेर ने कहा कि देश में संविधान को ताक पर रखकर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। संपूर्ण विपक्ष को सत्ता का दुरूपयोग कर जेल मे डालकर उनकी आवाज दबाने का कार्य किया जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर आगामी 31 मार्च को दिल्ली में विपक्षी गठबंधन ने महारैली करने का निर्णय लिया है। इस महारैली में उत्तराखंड के कार्यकर्ता भी जोश के साथ शामिल होंगे।

# डेढ़ साल में मुख्यालय यूनिट का पांचवी बार बदला मैनेजर

देहरादून। जल निगम मुख्यालय में अस्थाई तौर पर खोली गई निर्माण यूनिट में डेढ़ साल के भीतर पांचवी बार प्रोजेक्ट मैनेजर बदल दिया गया है। अपने गठन के समय से ही ये यूनिट विवादों में रही है। इस यूनिट में जितने भी पीएम तैनात किए गए, उन्होंने तैनाती के कुछ ही समय बाद खुद को हटाने की मांग की। एमडी जल निगम रणवीर सिंह चौहान की ओर से मुख्यालय की निर्माण यूनिट में प्रोजेक्ट मैनेजर का जिम्मा अधिशासी अभियंता विधि लिपिका कवि को दिया गया। अभी तक ये चार्ज अधिशासी अभियंता मुख्यालय शशि राणा के पास था। उनसे ये चार्ज हटा दिया गया है। डेढ़ साल में इस यूनिट को पांचवी बार नया प्रोजेक्ट मैनेजर दिया जा रहा है।इन पांच तैनातियों में रोचक तथ्य ये है कि पांचों बार दो ही अधिशासी अभियंताओं को बार बार आपस में बदला गया। डेढ़ साल पहले यूनिट गठन के समय प्रोजेक्ट मैनेजर लिपिका कवि को बनाया गया। इसके बाद ये जिम्मा शशि राणा को मिला। कुछ ही समय बाद फिर लिपिका कवि को पीएम बनाया। दोबारा शशि राणा को फिर चार्ज दिया गया। अब एकबार फिर लिपिका कवि को पीएम बना दिया गया। ये स्थिति तब है, जबकि ये दोनों ही पीएम खुद इस यूनिट से हटाने की मांग समय समय पर कर चुकी हैं।

**सचिव पेयजल दो बार यूनिट को बंद करने के दे चुके हैं आदेश**

मुख्यालय की इस यूनिट को तत्काल बंद करने के आदेश खुद सचिव पेयजल अरविंद सिंह हंयाकी दो बार कर चुके हैं। इसके बावजूद इस यूनिट को बंद करने की बजाय बिना पर्याप्त स्टाफ वाली इस यूनिट को लगातार काम दिया जा रहा है।

### रंग मंच से जुड़े कलाकारों को प्रोत्साहन दिया जाएं

रुद्रप्रयाग : विश्व रंग मंच दिवस पर उत्तराखंड के रंग कर्मियों ने रंग मंच से जुड़े कलाकारों को प्रोत्साहन दिए जाने की मांग की। कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति और परम्पराओं के संरक्षण में रंगमंच और रंगकर्मियों को विशेष योगदान होता है, इसलिए रंगमंच और रंग कर्मियों को सशक्त करने के प्रयास किए जाने चाहिए। उत्सव ग्रुप के निदेशक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. राकेश भट्ट ने सम्पूर्ण उत्तराखंड के रंगकर्मियों एवं इस कला से जुड़े लोगों को विश्व रंगमंच दिवस की शुभकामनाएं दीं। कहा कि यह दिन रंग मंच में जौहर दिखाने वाले लोगों का दिन है। इसलिए छोटे से छोटे और उभरते कलाकार को रंग मंच के क्षेत्र में निखारने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि रंग मंच और रंग कर्मियों के प्रोत्साहन की दिशा में निरंतर कार्य किए जाने की जरूरत है। रंगकर्मी कृष्णानंद नौटियाल ने कहा कि रंगमंच एक ऐसा मंच है जहां विभिन्न कलाओं का ही नहीं भाषाओं का भी संगम होता है।

## राज्य आंदोलनकारी कुकरेती पंचतत्व में विलीन

हरिद्वार। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले गया प्रसाद कुकरेती ने लंबी बीमारी के बाद हिमालयन हॉस्पिटल जौलीग्रांट में अंतिम सांस ली। कुकरेती फेफड़ों में संक्रमण की समस्या से ग्रसित कई दिनों से जौलीग्रांट हॉस्पिटल में भर्ती थे, जहां लंबे उपचार के बाद बीते मंगलवार को उनका निधन हो गया। बुधवार को कनखल स्थित श्मशानघाट पर उनके पुत्र अरुण कुकरेती ने उन्हें मुखाग्नि दी। जहां जिला प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार युसूफ अली और क्षेत्रीय पटवारी आशीष ममगाईं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मालूम हो कि गया प्रसाद कुकरेती ने उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन की लड़ाई में दिवंगत जेपी पांडे के साथ अहम भूमिका निभाई थी। श्रद्धांजलि देने वालों में अनुप कुकरेती, सुरेश जोशी, आशीष उपाध्याय, मदन मोहन उपाध्याय, राजेश यादव, जगपाल सिंह रावत, मेहरबान सिंह भंडारी, रमेश शर्मा, दुर्गेश पांडे, और चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति जिलाध्यक्ष सूर्यकांत भट्ट, महामंत्री रामदेव मौर्य, नत्थी लाल जुयाल, राजेश गुप्ता, भीमसेन रावत, बलबीर सिंह नेगी, धर्मपाल भारती, विनोद डंडरियाल, उमाशंकर वशिष्ठ, विजय भंडारी, रविन्द्र भट्ट आदि शामिल रहे।

### कैरम में वासु व प्रकृति रहे अव्वल

ऋषिकेश। ओमकारानंद इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय खेल महोत्सव 2024 का शुभारंभ हुआ। महोत्सव के पहले दिन वॉलीबॉल, कैरम, शॉट पुट, महिला क्रिकेट, टेबल टेनिस, शतरंज, टग ऑफ़ वॉर प्रतियोगिताएं हुईं। कैरम प्रतियोगिता के बालक वर्ग में बीसीएल के वासु और बालिका वर्ग में बीकॉम की प्रकृति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बुधवार को मुनिकीरेती स्थित ओआईएमटी में दो दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ परमहंस ओंकारानंद एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव मुनेश अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष प्रदीप वैद एवं संस्थान निदेशक डा. प्रवीण कुमार राठी ने संयुक्त रूप से किया। मुनेश अग्निहोत्री ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा में शिक्षा के साथ साथ खेल भी जरूरी है। प्रदीप वैद ने कहा कि खेल मनुष्य के व्यक्तित्व में सुधार लाता है और साथ ही साथ अनुशासित रहना भी सिखाता है। संस्थान के निदेशक डा. प्रवीण कुमार राठी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण का आधार भी खेल है। पुरुष वर्ग में वॉलीबॉल की 6 टीमों एवं महिला वर्ग में 2 टीमों के बीच मुकाबला हुआ। जिसके उपरांत पुरुष वर्ग में पहला सेमीफाइनल बीबीए और बीसीए के बीच खेला गया, जिसमें बीबीए ने बीसीए को 21–16, 21– 17 से हराया और फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल में बीसीए बी टीम ने फैकल्टी को 15– 7 व 15– 8 से हराया और फाइनल में प्रवेश किया।

कैरम प्रतियोगिता में बालक वर्ग में कुल 24 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमे बीसीए के वासु ने प्रथम, आईटी के आयुष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## सचिव राधिका झा ने ऋषिकेश में गंगा आरती की

ऋषिकेश। उत्तराखंड ग्राम्य विकास की सचिव राधिका झा परमार्थ निकेतन पहुंचीं। उन्होंने परमार्थ निकेतन के गंगा तट पर गंगा आरती की और देश और परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की। बुधवार को परमार्थ निकेतन में सचिव ग्राम्य विकास उत्तराखंड राधिका झा अपने परिवार के साथ पहुंचीं। उन्होंने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती से आशर्वाद लिया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि वर्तमान समय में केन्द्र व उत्तराखंड़ दोनों जगह संस्कारी सरकारें हैं, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए स्वरोजगार, रोजगार, ग्रामीण आवास, ग्रामीण कनेक्टिविटी, ग्राम विकास आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही है और ग्रामीण विकास के लिये कृतसंकल्पित भी हैं।

उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है, इसलिये



यहां की समस्यायें भी पहाड़ जैसी है। उत्तराखंड को एक नये स्वरूप में सशक्त करने के लिये यहां की नारी शक्ति को सशक्त करना होगा। इस दौरान सचिव राधिका झा ने गंगा आरती की और विश्व शांति की प्रार्थना की। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने राधिक झा को रूद्राक्ष का पौधा भेंट किया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com